an>

Title: Issue regarding alleged sale of land by the officials of Bhoodan Yogna Mandal in Wardha to Land Mafias.

**श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से महत्वपूर्ण मुद्दा सदन में उठाना चाहता हूं। यह महात्मा गांधी, विनोबा भावे की कर्मभूमि है। विनोबा जी ने यहां से भूमि दान की शुरुआत की थी। मैं माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान राÂष्ट्रीय हित के प्रमुख आचार्य विनोबा भावे जी की दान में दी गई जमीन पर अनाधिकृत रूप से कब्जे की ओर आकृÂष्ट करते हुए कहना चाहता हूं। आचार्य विनोबा भावे जी ने सम्पूर्ण भारतवषÂ्ाान में पदयात्रा की, जमींदारों से जमीन दान में ली थी और शोÂिषत, दलित और वंचित भूमिहीन को जमीन बांटने के बाद बहुत जमीन बची है। इसकी देखरेख के लिए भूदान यग्न मंडल का गठन किया गया था।

मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा में भूदान की जमीन भूमिहीनों में बांटी गई थी और बची जमीन भूदान यग्न मंडल के पास थी। किंतु संस्था के अधिकारी एवं भूमि माफिया द्वारा जमीन को बिल्डरों एवं निजी कार्य हेतु मोटी रकम लेकर बेच दिया गया। साथ ही साथ आचार्य विनोबा भावे द्वारा बांटी गई जमीन के फर्जी कागजात बनाकर संस्था के अधिकारियों ने बिल्डरों और असामाजिक तत्वों को बेच दी। इसकी जांच की आवश्यता है।

मेरा आग्रह है कि भूदान आंदोलन में मिली जमीन को सरकार अपने अधीन करके एक न्यायिक जांच कराए और भूमिदान की गई जमीन पर बिल्डरों द्वारा कब्जे की जमीन वापसी की व्यवस्था की जाए। वर्धा में 6000 हेक्टेयर जमीन भूदान में मिली है, उसमें से 4000 हेक्टेयर जमीन पर मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज बने हैं, बिल्डरों ने अपना कब्जा रखा हुआ है, इसकी जांच होनी चाहिए।

**माननीय अध्यक्ष:**

श्री पी.पी. चौधरी,

कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री रामदास सी. तडस द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।